पर्दा ना कर पुजारी दिखने

पर्दा ना कर पुजारी दिखने दे राधा प्यारी,
मेरे पास वक्त कम है और बात है ढेर सारी,

कहने दे मुझको मेरे मन में जो चल रहा है,
एक आस के सहारे जीवन निकल रहा है,
बड़ी मुश्किल को सेह कर आई है मेरी बारी,
पर्दा ना.......

जग ने जो तीर मारे मै थक के गिर पड़ी थी,
जब होश आयी मुझको श्यामा सामने खड़ी थी,
फिर हाथ ऐसा थामा चडी नाम की खुमारी,
पर्दा ना......

भव सिंधु में गिरी थी कैसे मुझे उबारा,
मैं खुद नहीं हूँ आयी इनका हुआ इशारा,
क्या क्या सुनाये तुमको हरिदास ये बिचारी,
पर्दा ना........

स्वर : पूनम यादव

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3935/title/parda-naa-kar-pujari-dikhane-de-radha-pyari-mere-pass-waqt-kam-hai-or-baat-hai-dher-saari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |